F.No.- CSU-LKO/2023-2024/Dir/01/

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर

विशाल खण्ड-4, गोमती नगर, लखनऊ

शास्त्री प्रथम वर्ष 2023-24 प्रवेश हेतु

दि. 27/07/2023

अधिसूचना – 11

शास्त्री प्रवेश परीक्षा-2023 (CUET) में उत्तीर्ण एवं नॉन (CUET) परामर्श हेतु समर्थ पोर्टल पर पंजीकृत छात्रों का परामर्श (Counselling) दिनांक 28 जुलाई से 2 अगस्त 2023 तक कार्यदिवसों में केन्द्रीय संस्कृत विश्विद्यालय, लखनऊ परिसर में अपराह्न 2 से 3 बजे तक प्रतिदिन कक्ष संख्या- 22 में आयोजित की जा रही है। परामर्श के पश्चात् छात्रों को निर्धारित शुल्क जमा करने के उपरान्त अस्थायी प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश परामर्श (Counselling) हेतु निर्धारित तिथि में भौतिक रूप से/ऑनलाईन उपस्थित नहीं होने, निर्धारित शुल्क जमा न करने अथवा आवश्यक दस्तावेज इत्यादि प्रस्तुत नहीं करने पर प्रवेश दिया जाना सम्भव नहीं होगा और प्रवेश की पात्रता स्वतः निरस्त हो जायगी।

आवश्यक प्रमाणपत्र-

1. शास्त्री प्रवेश परीक्षा (CUET) का प्रवेश पत्र और परिणाम एवं समर्थ पोर्टल पर परामर्श हेतु पंजीकरण का प्रपत्र।
2. छात्रों को www.abc.gov.in लिंक पर जाकर पंजीकरण करना आवश्यक है। पंजीकरण के उपरान्त पंजीकरण की प्रतिलिपि प्रवेश समिति के समक्ष प्रस्तुत करनी होगी।
3. जन्मतिथि के प्रमाण के लिये मैट्रिक / सेकेण्डरी / समकक्ष परीक्षा का प्रमाणपत्र तथा अंकतालिका।
4. प्राक्शास्त्री / उत्तरमध्यमा/उच्च माध्यमिक/ वरिष्ठ माध्यमिक/ समकक्ष परीक्षा की अंकतालिका।
5. यदि आप अनुसूचित जाति (SC) / अनुसूचित जनजाति (ST) /अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC)/आर्थिक रूप से कमजोर (EWS) से सम्बन्धित हैं तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाणपत्र।
6. दिव्यांग होने की स्थिति में चिकित्सक द्वारा प्रदत्त प्रमाणपत्र जिसमें कम से कम 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए।
7. यदि आप क्रीडा एवं युद्ध आहत से सम्बन्धित हैं तो सम्बद्ध प्रमाणपत्र।
8. प्रव्रजन प्रमाणपत्र (Migration Certificate)
9. स्थानान्तरण प्रमाणपत्र (यदि हो) एवं चरित्र प्रमाणपत्र (Transfer Certificate (If available) &Character Certificate)
10. रैगिंग के विरोध विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शपथ पत्र । पंजीकरण हेतु लिंक (www.antiragging.in/affidavit_university_form.php)
11. अर्ह प्रवेशार्थी अधोलिखित लिंक पर जाकर प्रवेश एवं शुल्क हेतु आवेदन कर सकते हैं www.sanskritcuet.samarth.edu.in/www.sanskritadm.samarth.edu.in

(प्रो. सर्वनारायण झा)

निदेशक

प्रतिलिपि -

1. उपर्युक्त सभी को सूचनार्थ
2. कार्यालय आदेश सञ्चिका
3. श्री वेदप्रकाश, एलडीसी को सम्बन्धित सञ्चिका के लिए
4. डॉ. गुरुचरण सिंह नेगी, आईक्यूएसी समन्वयक
5. निदेशक कार्यालय अतिरिक्त प्रति
6. प्रवेश सञ्चिका
7. श्री मुकुल कुमार मिश्र, तकनीकी सहायक को वेबसाइट में अपलोड हेतु